मानव संसाधन विकास केन्द्र (एचआरडीसी)

दिशानिर्देश

(2019)

fo'ofo|ky; vuqnku vk;ksx
cgknqj 'kkg tQj ekxZ] ubZ fnYyh&110002
oSclkbV % **www.ugc.ac.in**

मानव संसाधन विकास केन्द्रों हेतु दिशानिर्देश

1. प्रस्तावना, 2. उद्देश्य, 3. मूल भावना 4. योजनाओं का कार्यान्वयन, 5. ''समिश्रित और गहन मिशन मोड'' के अंतर्गत मानव संसाधन विकास केन्द्र का स्वरूप 6. पाठ्यचर्या 7. पात्रता, लक्ष्य समूह और अवधि 8. योजना की प्रगति की निगरानी की प्रक्रिया 9. एचआरडीसी हेतु विअआ की वित्तीय सहायता

1. प्रस्तावना

शिक्षा, सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का एकमात्र सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन है। आज की स्थिति के अनुसार, हमारे देश में 950 विश्वविद्यालय, 42,000 महाविद्यालय हैं जिनमें लगभग कुल 31 मिलियन छात्र अध्ययरत हैं। सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) गत 10 वर्षों में दुगना होकर 25.2 प्रतिशत के स्तर तक आ गया है भारत सरकार द्वारा वर्ष 2020 तक 30 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात किए जाने का अनुमान है। तथापि, उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में 'क्या है' और 'नहीं' हो रहा है के संबंध में असंतोष बढ़ता चला जा रहा है। बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो महाविद्यालय जाते हैं लेकिन स्नातक नहीं हो पाते। हमारे छात्रों की नियोजनीयता की कम प्रतिशतता को भी उजागरता किया गया है जोकि गम्भीर चिंता का विषय है। कुछ स्नातक नियोजन के लिए तैयार तो हो पाते हैं लेकिन उनके पास वैश्विक आर्थिक परिवेश में प्रतिस्पर्धा करने के लिए ज्ञान, प्रवीणता और तैयारी का अभाव रहता है। परम्परागत ज्ञानार्जन विधियां अधिकतर उन बातों में विफल होती जा रही हैं जिनके अंतर्गत शिक्षार्थी, शिक्षण प्रक्रिया के पश्चात् कुछ कर सकता था जबकि अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए उसके पास सर्वोत्तम मार्ग उच्चतर शिक्षा में परिणाम आधारित शिक्षा प्रणाली (ओबीई) है। परम्परागत उच्चतर शिक्षा के मॉडल में यथास्थिति में कुछ ऐसे कारणों जैसे बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा, निजी रूप से वित्तपोषित संस्थाओं में वृद्धि, परिवर्तित होती जनसांख्यिकी, गतिशील आबादी, नई प्रौद्योगिकी में कुशाग्र छात्र जो कभी भी और कहीं भी अनुकूलित शिक्षा के आशावान तथा नए वाणिज्यिक शिक्षा प्रदाओं के प्रादुर्भाव से चुनौती मिल रही है।

देश, उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में बड़े कदम उठाने की प्रक्रिया में है। यह अनुमान है कि भारत की उच्चतर शिक्षा में:

- परिवर्तनकारी और नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाया जाएगा।
- सकल नामांकन अनुपात बढ़कर 50 प्रतिशत होगा।
- राज्यवार, लिंग आधारित और सामाजिक असमानता में सकल नामांकन अनुपात में 5 प्रतिशत की कमी होगी।
- देश, वैश्विक मेधा के सबसे बड़े एकमात्र प्रदाता के रूप में उभरेगा, जहां विश्व के चार स्नातकों में से एक भारतीय उच्चतर शिक्षा प्रणाली से होगा।
- अनुसंधान परिणाम के रूप में विश्व के शीर्ष पांच प्रमुख देशों में से एक होगा।
- विश्व के शीर्ष 200 विश्वविद्यालयों में से 20 से अधिक विश्वविद्यालय होंगे।

ई–लर्निंग और एम–लर्निंग जैसी नई शिक्षा प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केन्द्रित करने के अतिरिक्त, शिक्षा प्रणाली के विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सरकारी पहल की जा रही है। समसामयिक काल में

हमारे विश्वविद्यालय पृथक रूप से शैक्षणिक जीवन को बढ़ावा नहीं दे सकते बल्कि उनसे व्यापक समाज और उसके सरोकारों के साथ चेतना और सूझबूझ का हिमायती बनने की अपेक्षा भी है।

यद्यपि यह सार्वभौमिक रूप से स्वीकार्य है कि शिक्षक, हमाारी शिक्षा प्रणाली की धुरी होता है तथापि, हमारी प्रणाली में उन्हें अपने वृतिका संबंधी विकास के लिए पर्याप्त अवसर नही मिलते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि इन सबके केन्द्र में शिक्षक है, उनके उत्प्रेरण–प्रशिक्षण, नवोन्मेषी रूझानों के सतत् रूप से अनुभव, विभिन्न विधाओं तथा विभिन्न विषयों उन्नत ज्ञान की पुनः समीक्षा किए जाने तथा उनका देश के समसामयिक परिदृश्य के अनुरूप पुनःनिरुपित किए जाने की आवश्यकता है। नवोन्मेष, व्यापक तथा गत्यात्मक सहयोग मॉडल को भी बढ़ावा दिए जाने हेतु संकाय ही नहीं बल्कि शैक्षणिक संस्थानों के अभिशासन हेतु नई कार्यनीतियों को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है।

2. उद्देश्य

उच्चतर शिक्षा में हो रहे परिवर्तनों के मद्देनजर, मानव संसाधन विकास केन्द्र (एचआरडीसी) युद्ध स्तर पर निम्नवत के लिए प्रयासरत रहेंगेः–

(क) बजट अथवा स्थान विशेष की पर ध्यान दिए बिना उच्चतर शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना तथा मुक्त व्यापक ऑनलाइन खुले पाठ्यक्रमों तथा 'हाईब्रिड क्लॉसेज', अनुकूलित शिक्षण सॉफ्टवेयर पर आधारित शिक्षा संबंधी विशेषरूप से अभिकल्पित अभिविन्यासित कार्यक्रमों को आयोजित करके व्यक्ति की आवश्यकताओं के अनुसार पाठ आयोजना तैयार करना तथा परम्परागत उपाधि–क्रेडिट को प्रणाली से हटाना।

(ख) सेवारत अध्यापकों के लिए संख्या की अपेक्षा परिणाम वाले समिश्रित शिक्षण कार्यक्रमों (प्रवेशन/अभिविन्यास/पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों) का आयोजन करना जिनमें तीन से पांच वर्षों में कम से कम एक बार अध्यापक शामिल हों ताकि वे अपने आप को एक अनुदेशक न समझें बल्कि एक अभिकल्पक और विशेष उद्देश्ययुक्त शिक्षण विकास दल का सदस्य समझें।

(ग) अध्यापकों को संस्थागत शिक्षा प्रौद्योगिकी प्रतिपादक के रूप में आगे बढ़ाने हेतु प्रोत्साहित करें जिससे कि उन्हें अनुसंधान, प्रेरणा और संयोजन के माध्यम से उद्यमिता को आगे बढ़ाने में सहायता मिले और उन्हें प्रधानकृत्य से जोड़ने तथा सम्मेलनों, संगोष्ठियों और कार्यशालाओं आदि में प्रतिभाग करने के प्रोत्साहित करना।

(घ) शिक्षण संबंधी नेतृत्व, प्रौद्योगिकी संवर्धित शिक्षण, आपदा प्रबंधन, लैंगिक संवेदनशीलता, अंतरराष्ट्रीय सम्पदा अधिकार, समाज से जुड़े कार्यक्रम तथा मूल्यांकन सहित शिक्षण परिणाम आधारित शिक्षा जैसे विषयों पर साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित करना।

(ङ) नव नियुक्त तथा सेवारत अध्यापकों हेतु सूचना प्रौद्योगिकी में विशेषरूप से तैयार किए गए प्रवेशन/ अभिविन्यास/ पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों तथा 'मूल्य आधारित संवादी मल्टीमीडिया' जो निर्देशात्मक मीडिया और आईसीटी में एकीकृत संव्यवहार के माध्यम से हो तथा सृजन, जिज्ञासा, अभिमूल्यन, परिश्रम आत्मनिर्भरता, ईमानदारी, अनुशासन और अध्यापक सुविधा प्रदाताओं के बीच सहानुभूति जैसे गुणों को परिपोषण करे।

इस प्रकार से, उपर्युक्त के दृष्टिगत, मानव संसाधन विकास केन्द्र का उद्देश्य नव नियुक्त सहायक आचार्यों सहित उच्चतर शिक्षा संस्थाओं के सभी सदस्यों को निम्नवत हेतु समर्थवान बनाना हैः–

(प) वैश्विक और भारतीय परिप्रेक्ष्य में सामान्य रूप से शिक्षा तथा विशेषरूप से उच्चतर शिक्षा के महत्व को समझना।

(पप) भारतीय राज्य शासन विधि जहां लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक समता समाज के मूल सिद्धांत है, के विशेष संदर्भ में शिक्षा तथा आर्थिक और सामाजिक आर्थिक तथा सामूहिक विकास के बीच की कड़ी को समझना।

(पपप) उच्चतर शिक्षा के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय में शिक्षण के मूल कौशल को प्राप्त करना और उसमें सुधार लाना।

(पअ) अपने विशिष्ट विषयों में नवीनतम घटनाओं की जानकारी रखना।

(अ) महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय संगठन और प्रबंधन को समझना तथा इस पूरी व्यवस्था में अध्यापक की भूमिका समझना।

(अप) व्यक्तित्व कार्य पहल और सृजनता के विकास हेतु अवसरों का उपयोग करना।

(अपप) उच्चतर शिक्षा में आईसीटी 'मुक्त विषयवस्तु' (ओईआर और एमओओसी) का उपयोग से चुनौतियों और अवसरो पर व्यापक और सुसंगठित पर्यवेक्षण प्रदान करना तथा विश्वविद्यालयो और अन्य शिक्षण संस्थाओं में भावी ज्ञानार्जन के प्रति उच्चतर शिक्षा के प्रमुख हितधारकों के दृष्टिकोण और प्रत्याशाओं का विहंगावलोकन करना।

3. मूल भावना

एचआरडीसी के पीछे मूल भावना इस बात को समझना है कि शिक्षक इस पूरी प्रणाली का केन्द्र बिंदु है। परिवर्तन की गति बढ़ने के साथ ही उच्चतर शिक्षा का भविष्य और अधिक अप्रत्याशित होता जा रहा है और अब चर्चा इस बात की हो रही है कि देश के बढ़ते सपनों के दृष्टिगत इसकी प्रासंगिकता कैसे अक्षुण्ण रखी जाए। विश्व, पहले से भी अधिक तेजी से बदल रहा है और हमारे कौशल जल्दी ही पुराने पड़ जाने वाले हैं। आज विश्व पहले से भी अधिक जुड़ता जा रहा है। इस जुड़े हुए विश्व में, शिक्षक को नया महत्व और अर्थ मिलना निश्चित है। हमारी चुनौतियां बहुपक्षीय हैं और इसके लिए चिंतन तथा सामाजिक–तकनीकीगत अनुभूति की आवश्यकता है तथा इसके लिए जितना महत्व कौशल का है उतना ही मनोवृत्ति और त्वरित क्रियाविधियों का भी है। किसी विषय की प्रकाशित सामग्री भी हर वर्ष वृहद होती जा रही है। इन सबके फलस्वरूप, अधिकतर संकायों, प्रशासकों और नीति–निर्माताओं सहित सभी सर्वाधिक विवेकशील प्रेक्षकों के सम्मुख इस समस्या को समझने में कठिनाइयां आ रही हैं।

इस परिदृश्य में, ऐसे समय और वर्तमान वैश्वीकरण के युग में शिक्षक की जो भूमिका विकसित हुई है उससे यह आशा की जाती है कि वह इस परिवर्तन का नेतृत्व और सुकरकर्ता के रूप में उभरकर सामने आए। संकाय विकास हेतु एचआरडीसी, पीएमएमएमएनएमटीटी केन्द्रों और अन्य संकाय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से एक कार्यनीति संकाय में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन कार्यान्वयनकारी एककों के माध्यम से संकाय विकास पर बल का तात्पर्य सभी संकायों को उन विशिष्ट क्षमताओं को अर्जित करने में सक्षम बनाना है जो उनके कार्य निष्पादन में सुधार करेगी विशेषकर शिक्षण प्रभावकारिता में और छात्र ज्ञानार्जन को सुकर बनाने में प्रभावी होगी; ज्ञान के नए क्षेत्रों/ सीमाओं के बारे में प्रेरणा देगी तथा नए अनुदेशक संदाय मॉडलों/ प्रौद्योगिकी युक्त शिक्षण को लागू करेगी जिससे छात्र ज्ञानार्जन परिणामों में सुधार होगा तथा शिक्षण में प्रभावकारित तथा अनुसंधान और संबद्ध अध्येतावृति में उत्कृष्टता बढ़ाएगी। इसलिए, ज्ञानार्जक समाज के ढांचे के भीतर वृतिकाजन्य विकास की चालू प्रक्रिया के रूप में शिक्षकों के

लिए आजीवन ज्ञानार्जन और क्षमता निर्माण के लिए अवसरों हेतु आन्तरिक तंत्र विकसित करना अति आवश्यक है ताकि सेवारत शिक्षक उस परिणाम आधारित ज्ञानार्जन और समिश्रित ज्ञानार्जन विधि के दृष्टिगत शिक्षण–ज्ञानार्जन अनुभव में व्यापक परिवर्तन के तथ्य को स्वीकार करते हुए अपने स्वयं के अस्तित्व के प्रति सजग रहें और समझें कि :

- यह कार्य संबंधात्मक है।
- अंततः, जो मायने रखता है वह यह नहीं कि क्या पढ़ाया गया बल्कि यह है कि क्या सीखा गया है।
- हम क्या पढ़ाते हैं और कैसे पढ़ाते हैं और हम किस प्रकार आकलन करते है को इस प्रकार के ज्ञानार्जन के परिणाम से देखा जाना चाहिए, जैसे कि हम पूर्णतः एक है और एक–दूसरे के अनुरूप हैं,

4. योजना का कार्यान्वयन

यह अनुमान है कि भावी उच्चतर शिक्षा में वर्ष 2020 तक भारी परिवर्तन होंगे और उच्चतर शिक्षा संस्थानों के कृत्यों, शिक्षण विधियों तथा ज्ञानार्जन, शिक्षाशास्त्र संबंधी दृष्टिकोण, छात्र–शिक्षक संबंध और शिक्षक की भूमिका की दृष्टि से उसका स्वरूप पूरी तरह भिन्न होगा। यह समय की मांग है कि एचआरडीसी इन समस्याओं के समाधान तथा इसके अनुकूलन तथा अनुकूल में विफलता के संभावित परिणामों अथवा अन्य नीतिगत उपाय और पहलों की संभावनाएं तलाशे। भूमिका और नवोन्मेष तथा ज्ञानार्जन को आधार मानक इस कल्पना को साकार करने की संभावना तलाशते हुए, भविष्य के लिए ज्ञानार्जन का एक ऐसा दृष्टिकोण सृजित किया जाए जो कि प्राप्य, मापनीय हो और जो उस प्रौद्योगिकी के साथ आगे बढ़े जोकि उसे और उससे संबंधित लोगों को पोषित करती हो। इसमें वैश्विक क्षमता के अनुरूप योग्यता प्राप्त तथा सक्षम अध्यापकों की उपलब्धता तथा उनके निरंतर ज्ञान उन्नयन तथा विभिन्न विषयों और विषयोत्तर तेजी से उभरते नए ज्ञान की अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायक प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान करने के लिए शिक्षक तथा शिक्षण संबंधी 'पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय मिशन' शामिल है। तृतीयक शिक्षा क्षेत्र में भी गत दशकों में भारी विस्तार देखा गया है। इन अधिकतर तृतीयक संस्थानों का महत्वपूर्ण उद्देश्य शिक्षण और अनुसंधान का अंतर्राष्ट्रीयकरण रहा है। इसके लिए, संस्थागत रूपरेखा, गुणवत्ता मानक और वैश्विक प्रासंगिकता को बढ़ाना, सर्वोत्तम छात्रों तथा संकाय को शामिल करना, राजस्व जुटाना, और आन्तरिक विविधता को बढ़ावा देना जैसे अनेक अभिप्रेरण हैं। इसका महतवपूर्ण और बहु–प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष तथा उत्प्रेरक आर्थिक (अर्थात् मानव पूंजी, अनुसंधान, नवोन्मेष और व्यापार संवर्द्धन) रूप से से प्रभाव पड़ता है जिसका परिणाम दोनों व्यक्तियों तथा व्यापक आर्थिकी से संबंधित सुस्थापित हितलाभों के रूप में सामने आता है।

शैक्षिक समुदाय का वर्द्धित–परस्पर जुड़ाव और डॉटा तथा अनुसंधान तक खुली पहुंच से विश्व में इनके बीच वृहत अनुसंधान सहयोग बढ़ेगा। सभी स्तरोंः संस्थागत, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए वित्तपोषण योजना में इसे स्थान देना होगा तथा इसका अनुसमर्थन करना होगा। उद्योग जगत में अनुसंधान के अनुप्रयोग में वर्द्धित लोचशीलता, उद्यमिता की आवश्यकता होगी तथा इसमें यह भी सम्भव है कि हमारा शैक्षिक समुदाय के बीच भिन्न शासन विधि तंत्र हो।

उच्चतर शिक्षा संस्थान की दो भिन्न भूमिकाएं हैंः 1. अपने छात्रों को ज्ञान प्रदान करना और 2. उनके द्वारा अर्जित क्षमताओं के स्तर का प्रमाणन। इनकी पहली भूमिका पर आईसीटी के माध्यम से नए औपचारिक और अनौपचारिक प्रशिक्षण अवसरों के आने से काफी प्रभाव पड़ा है तथा निश्चित रूप से इसमें संशोधन करना

होगा क्योंकि अब माध्यमिक शिक्षा के पश्चात् विश्वविद्यालयों का उच्च गुणवत्ता की प्रासंगिक जानकारी तथा ज्ञान तक पहुंच का एकाधिकार नहीं रहा है। दूसरी भूमिका यह सत्यापित करना है कि छात्र, प्रशिक्षण से उपयुक्त रूप से लाभान्वित हुआ है और योग्यता प्राप्त लोगों द्वारा ली गई उपयुक्त परीक्षा में वह उत्तीर्ण हुआ है ही उच्चतर शिक्षा संस्थानों का मुख्य कार्य रहने की संभावना है। यद्यपि, इस तरह के प्रमाणन का स्वरूप उसका संभाव्यता, नियमितता, शिक्षा संदाय का प्रकार के रूप में भिन्न हो सकता है जोकि श्रम बाजार की कौशल उन्नयन और पुर्नकौशल की आवश्यकताओं पर निर्भर करेगा।

आईआर/ एमओओसी और आईसीटी के उपयोग से ज्ञानार्जन तक पहुंच प्रदान करने के लिए ज्ञान तक पहुंच में उच्चतर शिक्षा की भूमिका में परिवर्तन हुआ है। इसलिए, शिक्षक की भूमिका भी ज्ञान के सुकरकर्ता, मार्गदर्शक, गुरु, मानीटर–ट्यूटर और परामर्शदाता की भूमिका में बदलती जा रही है। यह परिकल्पना की जा रही है कि मुक्त शिक्षा संसाधन (आईआर) और व्यापक मुक्त शिक्षा ऑनलाइन पाठ्यक्रम (एमओओसी) अगले 15 वर्षों में शिक्षण और ज्ञानार्जन के अभिन्न भाग बन जाएंगे तथा स्थानांतरण और मान्यता तथा आईआर/एमओओसी आधारित परिणाम की 'माईक्रो–क्रेडेक्सिमलिंग' एक महत्वपूर्ण मुद्दा बनकर सामने आएगा। वर्ष 1975–76 में पहली बार, भारत में कई प्रयोग किए गए जिनमें ''सेटेलाइट इंटरएक्टिव टेलीविजन एक्सपेरिमेंट'' (एसआईटीई) जैसा प्रमुख प्रयोग भी शामिल हैं, जिसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान परिषद् तथा नासा ने तैयार किया और जिसकी सहायता से कक्षा में शिक्षण अब देशव्यापी कक्षा में बदल गया है एसआईटी ने दिखाया कि भारत देश की सामाजिक आर्थिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी का उपयोग कर सकता है, से भारतीय अनुभव का लाभ उठाते हुए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वर्ष 1984 में दूरदर्शन राष्ट्रीय नेटवर्क पर ''विअआ देशव्यापी कक्षा'' का शुभारंभ किया तथा 1993 में कंन्सोटिएम फॉर एडुकेशनल कम्यूनिकेशन'' नामक अंतर–विश्वविद्यालयी केन्द्र ईएमआरसी से समन्वय करने वाले और सीडब्ल्यूआरसी मिशन को अत्यधिक प्रभावी आकर्षक और सफल बनाने वाले केन्द्र की स्थापना की। इसके अलावा, सीईसी ने आईएनएफएलआईबीएनईटी (सूचना और ग्रंथालय नेटवर्क केन्द्र) के साथ ई– एजुकेशन पोर्टल को तैयार करने में भी सहयोग किया। इस पोर्टल में सीईसी के मीडिया केन्द्र में सीईसी के वीडियो संसाधनों की ग्रंथसूची संबंधी डॉटाबेस निहित है। वीडियो कार्यक्रम ई–विषयवस्तु और एसएलओ को सूचना और ग्रंथालय नेटवर्क केन्द्र के सर्वर से जोड़ा गया है जिससे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इनफोनेट परिसंघ के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सीईसी डॉटाबेस के वीडियो संसाधनों तक पहुंच मिलती है। सीईसी और उसके मीडिया केन्द्र दो तरह के शिक्षा वीडियों कार्यक्रमों को तैयार करते हैं (प) पाठ्यचर्या आधारित और (पप) समृद्धि आधारित (अनुपूरक ज्ञानार्जन हेतु)। इन कार्यक्रमों में चार बैंडों/ धाराओं के सभी अलग– अलग विषय होते हैंः 1. भाषा/साहित्य/कला और संस्कृति 2. सामाजिक विज्ञान 3. प्रबंधन तथा अन्य पेशेवर विषय 4. विज्ञान/प्रौद्योगिकी और अब इनके पास लगभग 37048 शिक्षा संबंधी वीडियो कार्यक्रमों वाला ज्ञान का भण्डार है। सीईसी–विअआ डीटीएच चैनल एवं प्रभा प्लेटफार्म स्नातकपूर्व गैर प्रौद्योगिकी तथा स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए जो चरण 1 के अंतर्गत एनओसीसी विकास के 31 स्नातकपूर्व और 72 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की पेशकश करता है। सीईसी कक्षा में शिक्षण के लिए विभिन्न विषयों पर आधारित पाठ्यचर्या तथा समृद्धि आधारित दोनों ही कार्यक्रम चलाता है तथा उन्हें अनन्य रूप से सीईसी–विअआ उच्चतर शिक्षा सेटेलाइट चैनल, व्यास पर 24 ग 7 रूप से प्रसारित किया जाता है।

अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे संसाधनों की गुणवत्ता और ज्ञानार्जन परिणाम तथा मूल्यांकन से सबंधित है। प्रमाणन प्रणाली को संशोधित किए जाने की आवश्यकता है तथा आकलन प्रक्रिया को उन मुक्त विषयों के व्यापक उपयोग का अनुसमर्थित करने के लिए एक समान बनाया जाना चाहिए जो अपने तटस्थीकरण के लिए उच्चतर शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के लिए आवश्यक है।

उच्चतर शिक्षा तथा आजीवन ज्ञानार्जन का एक उद्देश्य प्रौद्योगिकी को सीखकर उसका उपयोग करते हुए ज्ञानार्जन भी माना गया है। इस क्षेत्र में शिक्षकों का प्रशिक्षण यह सुनिश्चित करता है कि वे अपने छात्रों को

पढ़ाएं कि वे स्नातक होने के बाद भी सीखें, नए कौशलों को अपनाने में सक्षम हो और नई प्रौद्योगिकियों में निपुण हो, वह भी तब जब आज उन्नत मानी जाने वाली प्रौद्योगिकी जल्दी ही पुरानी पड़ जाएगी। शिक्षक ज्ञान का संदाय अथवा अंतरण ही न करे बल्कि वह ''शिक्षाशास्त्र का इंजीनियर'' ''डिजिटल संसाधन डिजाईनर'' तथा ''डिजिटल पाठ्यक्रम डिजाईनर'' भी बने। शिक्षण से आशा की जाती है कि वह एक दल का कार्यकलाप बनेः शिक्षक तथा विश्वविद्यालय के अन्य कर्मचारी सदस्यों को भविष्य में अपनी–अपनी भूमिकाएं तथा निर्धारित कार्य साझे करने होंगे। शिक्षण दल परस्पर–पेशेवर होगा और उसमें कई ऐसे विषयगत क्षेत्र अथवा कार्यकलाप शामिल होंगे जो और अधिक चुनौती आधारित होंगे। शिक्षक और छात्रों के संबध में भी परिवर्तन होने का अनुमान हैः शिक्षक छात्रों से विशेषकर शिक्षा की विषय वस्तु को संयुक्त रूप से तैयार करने में सहयोग करेंगे।

इसके अलावा, प्रत्येक विषय में ज्ञान की भारी वृद्धि हुई है। एक महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के शिक्षक को अपने चुनिंदा विशेषज्ञता के विषय में अपने ज्ञान को निरन्तर अद्यतन करना पड़ता है अथवा बहुत ही कम समय में उसका ज्ञान पूर्णतः कालविरुद्ध हो जाएगा। आजीवन ज्ञानार्जन संस्थानों के रूप में कार्य करने के लिए विश्वविद्यालयों से यह अपेक्षा रहती है कि वे व्यक्तिगत समिश्रित ज्ञानार्जन प्रस्तावों का उपयोग करके विषय वस्तु सुगमता तथा कौशल विकास को प्रदान करें और छात्रों के साथ मिलकर ज्ञान के संयुक्त पाठ तैयार करें। शिक्षकों के पुनर्प्रशिक्षण की अत्यंत आवश्यकता है। भविष्य के शिक्षकों को अपने विषय तथा संबंधित प्रौद्योगिकी दोनों में ही समर्थवान होना चाहिए। निरंतर प्रशिक्षण का बल डिजिटल संसाधनों के उपयोग पर ही नहीं होना चाहिए बल्कि डिजिटल विषयवस्तु को तैयार करने पर भी होना चाहिए। शिक्षण संबंधी कर्मचारियों को प्रौद्योगिकी डिजिटल विषयवस्तु को तैयार करने के तरीकों तथा आईसीटी विधियों के कार्यकरण के तंत्र को समझने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। उन्हें डिजिटल प्रौद्योगिकियों के संबंध में नए शिक्षाशास्त्रों को अपनाने का भी निर्देश दिया जाना चाहिए। 'रिथिंकिंग एजुकेशन' अत्यधिक ज्वलंत अनुकूलनीय और वास्तविक ज्ञानार्जन के वातावरण तथा व्यक्तिगत आजीवन ज्ञानार्जन के अवसरों को सुकर बनाने वाली शक्तिशाली सार्वतिक प्रौद्योगिकी मुक्त संभावना के कारण आवश्यक हो गया है। इस प्रकार से मुक्त विषयवस्तु शिक्षण ज्ञानार्जन प्रक्रिया का अभिन्न अंग बन जाएगा। ये मुद्दे ज्ञान के अंतरण और 'माईक्रो डिग्रियों' की शुरुआत सहित प्रत्यय–पत्रों के प्रदान करने की व्यवस्था की समीक्षा से ही संबंधित हैं।

आईयूसीडीई, सीईसी, इनफिलिबनेट और एचआरडीसी की भूमिका को पहचानते हुए और उसे निर्धारित करके सहयोगात्मक तरीके से सेवारत शिक्षकों के प्रशिक्षण और विकास के प्रयासों के समन्वयन हेतु तीन स्तरीय ढांचे की आवश्यकता है। उदाहरणार्थ, शीर्ष स्तर पर, आईयूसीटीई दिशानिर्देशों में विनिर्धारित पाठ्यचर्या के अनुरूप शिक्षा शास्त्रीय विधियों को विकसित करेगा और सीईसी ज्ञान संबंधी खामियों और क्रमागत श्रेष्ठ गुणता वाली प्रौद्योगिकियों का पता लगाकर ओईआर तथा एमओओसी को तैयार करने में सहायता करेगा जबकि इनफिलिबनेट अपने मुख्य कार्य के अलावा सभी संस्थाओं को ओडियो– वीडियो और संसाधनों के लिए व्यापक रूप से स्वीकृत वितरण चैनल प्रदान करेगा। निचले स्तर पर निकटवर्ती एचआरडीसी, केएमआरसी तथा एनआरसी पहले से अनुकूलनित हुए प्रतिभागियों को शामिल करके सोशल मीडिया में स्थानिक तथा ऐहिक अनुशंसा के दृष्टिगत ई–संसाधनों को तैयार करने तथा उनके प्रसार में एक–दूसरे के साथ सहयोग करेंगे जिससे कि ''शिक्षाशास्त्र इंजीनियर'' ''डिजिटल संसाधन डिजाईनर'' और ''डिजिटल पाठ्यक्रम डिजाईनर'' के रूप में उनका ज्ञानार्जन का अनुभव आभूषित हो।

इस अनुसमर्थन के रूप में सर्वप्रथम एचआरडीसी को विशेषरूप से ऑनलाइन वार्षिक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम पूरा करने वाले सीएएस के प्रयोजनार्थ एक सप्ताह के सम्पर्क/ व्यावहारिक अनुभव की पेशकश की जाएगी। प्रभावी निगरानी के लिए संबंधित पक्षकारों से स्पष्ट जवाबदेही समुनुदेशित करते हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाएंगे, जिसका ढांचा संलग्नक 13 से 14 में दिया गया है। ये एचआरडीसी, उच्चतर शिक्षा संस्थाओं के सभी शिक्षकों के लिए सुलभ निश्चित अवधि के सम्पर्क कार्यक्रमों हेतु निरंतर विअआ के नियंत्रण में रहेंगे।

यद्यपि वास्तव में उत्प्रेरित और परिणामी शिक्षक स्वयं को नए ज्ञान से अवगत रखने के लिए अपने संसाधनों का उपयोग करते हैं तथा वे स्वयं को शिक्षण की नवीनतम प्रक्रियाओं, कार्यविधियों और तकनीकियों में प्रवीण करते रहते हैं। तथापि, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के स्तर पर बड़ी संख्या में शिक्षकों के लिए कमबद्ध तथा सुसंगठित अभिविन्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना आवश्यक है। सुलभता संबंधी विसंगतियों में कमी के बावजूद इन्हें पूरा करने की दर में भारी अंतर अभी भी है। हमारी शिक्षा प्रणाली विशाल, सुदृढ़ तथा धीमी गति की परिवर्तनकारी है। हमारे 105 मिलियन से अधिक उच्चतर शिक्षा संकाय ने पूर्व–डिजिटल युग में शिक्षा ग्रहण की और वे शिक्षा को उत्तर उपवनिवेशी मॉडल के रूप में देखते हैं। इस संबध में कोई भी त्वरित उत्तर नहीं है कि बड़ी संख्या वाले उन शिक्षकों तक कैसे पहुंच बनाई जाए जो कुछ हद तक बदलना नहीं चाहते हैं। उन पर अभी सहकर्मी दबाव सेवा में एक–एक करके बेहतर प्रोत्साहन प्रशासनिक दबाव आदि का आना शेष है। ''कैच–अप'' अभियान पद्धति के माध्यम से केन्द्रित और क्रमबद्ध अभियान जिसका लक्ष्य सेवारत सभी शिक्षकों को शामिल करना है चाहे उनका विषय और वरिष्ठता कुछ भी क्यों न हो। उनसे इन पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में पंजीकृत होने और उन्हें पूरा करने का अनुरोध किया जाएगा तथा विअआ ने विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानक के अनुरक्षण हेतु उपाय, 2018 के नवीनतम नियमों के तहत उन्हें मान्यता प्रदान की है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने शिक्षण में वार्षिक पुनश्चर्या कार्यक्रम (अर्पित) आरंभ किया है। यह अपने आप में एमओओसी प्लेटफार्म 'स्वयं' (एसडब्ल्यूएवाईएएम) का उपयोग करके ऑनलाइन पेशेवर विकास हेतु एक प्रमुख और अद्वितीय पहल है। 'अर्पित' के कार्यान्वयन हेतु प्रथम चरण में 75 विषयों – विशिष्ट राष्ट्रीय संसाधन केन्द्रों की पहचान की गई है जिन्हें संशोधित पाठ्यचर्या को आगे बढ़ने के लिए ऐसी ऑनलाइन प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने का कार्य दिया गया है जिसका केन्द्र बिंदु विषय में नवीनतम घटनाओं, नई और उभरती प्रवृत्तियां, शिक्षाशास्त्र संबंधी सुधार और कार्य–विधियां है। 'अर्पित' के माध्यम से सभी सेवारत शिक्षकों, चाहे उनका विषय और वरिष्ठता कुछ भी क्यों न हो, को प्रौद्योगिकी आधारित ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के माध्यम से उनके विषय में नवीनतम घटनाओं से अवगत रखे जाने का अवसर प्रदान किया गया है। 'अर्पित' का दर्शन 'कोई भी', 'कहीं भी' और 'किसी भी समय' है तथा शिक्षकों को इन पाठ्यक्रमों को करने तथा विषय का चयन करने की स्वतंत्रता होगी। राष्ट्रीय संसाधन केन्द्रों ने आरंभिक रूप से 3 मिनट का ऐसा वीडियो तैयार किया है जिसका तकनीकी रूप से आकलन, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने किया है और इसे एमओसीसी दिशानिर्देशों के अनुपालन के उपरांत तैयार किया है; इसे अनुमोदित किया गया है और 'स्वयं' पोर्टल पर अपलोड किया गया है। यह पाठ्यक्रम 40 घंटे मॉड्यूल है जिसमें 20 घंटे की वीडियो विषयवस्तु और 20 घंटे का गैर–विषयवस्तु संबंधी वीडियो है। उन्हें अत्यधिक लोचदार प्रारूप दिया गया है और कोई भी इन्हें अपना सुविधानुसार कर सकता है। इसमें आकलन संबंधी अभ्यास पाठ और कार्यकलाप दिए गए हैं जो कि पाठ्यक्रम में शैक्षणिक प्रगति का भाग है। पाठ्यक्रम के अंत में अंतिम आकलन होगा जिसे ऑनलाइन अथवा लिखित परीक्षा के रूप में दिया जा सकता है। सभी संकाय जो ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करेंगे उन्हें इस बावत प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

वर्तमान में, राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र उस 40 घंटे के विषय विशिष्ट मॉड्यूल की पेशकश कर रहे हैं जिसमें मूल्यांकन संबंधी कार्यकलाप अन्तर्निहित है और जिन्हें संकाय प्रशिक्षुओं को समय देना चाहिए। इसमें भी अंत में ऑनलाइन परीक्षा और प्रमाणपत्र का प्रावधान है। सामान्यतः ओईआर आधारित पाठ्यक्रम की गणना 30 घंटे की होती है जिसमें विषयवस्तु आधारित समय और ऑफलाइन ज्ञानार्जन शामिल है, तदनुसार, इस 40 घंटे के ऑनलाइन पुनश्चर्या पाठ्यक्रम का समय मान लगभग 80 घंटे के बराबर होगा।

क्षमता निर्माण, ज्ञान संवर्धन और इसी तरह के अन्य कार्यक्रमों हेतु निम्नलिखित प्रमुख लक्ष्य समूहों की पहचान की गई है जिसका लक्ष्य हमारे उच्चतर शिक्षा संस्थानों को नवाचार, सृजनता और ज्ञानार्जन तथा

अनुसंधान में उन्नत गुणता के अनुकूल और अधिक शैक्षणिक वातावरण सुकरकर्ताओं के रूप में परिवर्तित करने पर बल देने का समग्र दृष्टिकोण है।

- उच्च ज्ञानार्जन के संस्थानों में शिक्ष्ण और अनुसंधान में जुटे संकाय सदस्य।

- शिक्षक शिक्षादाताः एचआरडीसी का संसाधक

- बेहतर प्रशासन और तेजी से उभरते आईसीटी संसाधनों और अनुप्रयोगों के कुशल उपयोग को सुकर बनाने के लिए ज्ञानार्जन के उच्च संस्थानों के मुख्य शिक्षणेत्तर पदाधिकारी,

- अनुसंधान करने वाले विद्वान।

'समश्रित और त्वरित मिशन मोड' के अन्तर्गत मानव संसाधन विकास केन्द्र अंतर–विश्वविद्यालयी संस्थान की तर्ज पर विअआ द्वारा प्रायोजित पृथक संस्था होगी जो राज्य/ पड़ोसी राज्यों के भीतर स्थित महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों की संबंधित आवश्यकता को पूरा करेगी। यद्यपि, निपुर्णता और समानता के आधार पर एचआरडीसी का भौगोलिक संस्थापन नियोजित ईष्टतम परिणाम का परिणाम नहीं है तथापि, किसी विश्वविद्यालय में पहले से स्थित एचआरडीसी को स्थानिक ज्ञान संसाधन का केन्द्र बनने के लिए उस विश्वविद्यालय तथा राज्य और उसके बाहर के विश्वविद्यालयों तथा ज्ञानार्जन के संस्थानों में उपलब्ध सभी सभापति संसाधनों का उपयोग करना होगा। इस आशय से, एचआरडीसी वाले सभी विश्वविद्यालयों को संबंधित एचआरडीसी को बनाए रखने के लिए शैक्षणिक लेखापरीक्षा और आवधिक समीक्षा के अध्यधीन अक्षरशः मार्गनिर्देशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु विअआ के साथ संशोधित करार पर हस्ताक्षर करने होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा इन मानव संसाधन विकास केन्द्रों को प्रकार्यात्मक स्वायतता दी जाएगी। विअआ, इनकी निगरानी करेगा और तीन/ पांच वर्ष की अवधि अथवा विअआ द्वारा समय–समय पर यथा संसूचित अवधि के पश्चात् विअआ– एचआरडीसी के कार्यकरण की समीक्षा करेगा।

विअआ समीक्षा करने के पश्चात्, यदि आवश्यक हो तो, किसी एचआरडीसी को बंद कर सकता है। विअआ निगरानी करने और नीतिगत निर्णयों में सलाह देने तथा सभी एचआरडीसी में प्रस्तुत किए जाने वाले पाठ्यक्रमों की सिफारिश करने के लिए एक स्थायी समिति गठित करेगा। ऐसी स्थायी समिति में शिक्षण क्षेत्र से छह सदस्य तथा विअआ का एक अधिकारी होगा जोकि इन मानव संसाधन विकास केन्द्र का ब्यूरो प्रमुख होगा। स्थायी समिति में निम्नवत छह सदस्य होंगेः–

1. समिति का अध्यक्ष (आयोग का सदस्य अथवा कुलपति/ निदेशक के स्तर का वरिष्ठ शिक्षाविद् हो सकता है)

2. तीन वरिष्ठ शिक्षाविद् (कुलपति/ संकाय अध्यक्ष, पूर्व कुलपति के स्तर का)

3. एचआरडीसी के दो निदेशक

एचआरडीसी नव– नियुक्त शिक्षकों के लिए कार्यक्रम को आरंभ करने की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार है और प्रतिभागियों के लिए इसे अनिवार्य करके ओपी/ आरसी की अवधि को घटाकर एक सप्ताह का ऑनलाइन कार्यक्रम किया जा रहा है जिसमें मुख्य बल 'रिथिंकिंग, एजुकेशन पर होगा जिसकी आवश्यकता उस शक्तिशाली सार्वत्रिक प्रौद्योगिकी सक्षम संभाव्यवता के कारण हुई है जो कि अत्यधिक ज्वलंत, अनुकूलनीय है और वास्तविक ज्ञानार्जन के वातावरण तथा व्यक्तिगत आजीवन ज्ञानार्जन अवसरों को सुकर बनाती है। इस प्रकार से ओपी तथा आरसी समिश्रित मोड में आयोजित किए जाएंगे। एक सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी स्तरों के संकाय पर विभिन्न अन्तर विषयिक विषयों और आवश्यकता आधारित

विषयों को शामिल किया गया है। हमारे सभी अभिविन्यास और पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में ओईआर/ एमओओसी और परिणाम आधारित शिक्षा शामिल की गई है। दर्शन के कथन में निम्नलिखित अपेक्षित विशेषताएं निहित हैं। ''त्वरित मिशन मोड'' के अंतर्गत लक्ष्य प्राप्ति के लिए संकाय संरचना की समीक्षा की गई है और निर्णयकर्ताओं और उच्चतर शिक्षा के अग्रणी व्यक्तियों के सक्रिय सहयोग से विअआ स्थायी समिति के माध्यम से एचआरडीसी प्रबंधन को प्रभावी बनाया गया है:–

- बोर्ड और प्रशासन, निर्णय लेने की प्रक्रिया भागीदारी सुनिश्चित करता है।
- अनुकूल परिवेश में चुनौतियां
- उचित लेकिन कड़ा अनुशासन
- व्यक्तिगत कार्यक्रम विशेषरूप से व्यक्तिगत ज्ञानअर्जन की गति के अनुरूप,
- उत्तरदायित्वों पर बल सहित युगमित पर्यवेक्षण
- सुविधापूर्ण और सुसज्जित शिक्षा संस्थान।
- प्रत्येक छात्र के शिक्षण में विशेषकर आवास में समुदाय अनुसमर्थन तथा भागीदारी
- शिक्षक जो अन्य के अलावा यह निरुपित करे:
  - समूह और व्यक्तियों के साथ उपयुक्त संवाद कौशल करे:
  - अपने विषयवस्तु के क्षेत्र में विशेषज्ञता
  - लोगों विशेषकर छात्रों हेतु स्नेह,
  - विअआ– एचआरडीसी के निर्णयों का अनुसमर्थन

विअआ– एचआरडीसी के अंतर्गत आयोजित पाठ्यक्रम वर्ष भर चलते हैं और वे गैर–व्यावसायिक स्वरूप के होते हैं। मुख्य शैक्षणिक कर्मचारी उपर्युक्त वर्णित कृत्यों का निर्वहन सीईसी तथा पीएमएमएमएनएमटीटी के अंतर्गत स्थापित उन केन्द्रों के साथ मिलकर करते हैं जिन्हें तृपक्षीय समझौता ज्ञापन के अनुसार परस्पर करार द्वारा के अंतर्गत निष्पादित किया जा सकता है। (संलग्नक 14)।

5.1 एचआरडीसी का ढांचा (कर्मचारी व्यवस्था)

वर्तमान में स्थापित एचआरडीसी अपने उस ढांचे को संरक्षित रखेंगे जिसके लिए इन दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन से पूर्व कार्यरत शैक्षणिक तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों को नियोजित किया गया था और वे विअआ के उन दिशानिर्देशों से अनुशासित होंगे जो उनकी नियुक्ति के समय लागू थे। सभी कर्मचारी और संकाय जो वर्ष 2015 से पूर्व भर्ती किए गए थे, पर वे निबंधन और शर्तें लागू होंगी जो उनकी नियुक्ति के समय थी।

एचआरडीसी में निम्नलिखित शिक्षण संकाय उपलब्ध कराया गया है:–

(क) शैक्षणिक कर्मचारी

1. **आचार्य निदेशक – 1**: आचार्य निदेशक की नियुक्ति नियमित आधार पर की जाएगी। निदेशक के पद के लिए योग्यताएं वही होंगी जो आचार्य के पद के लिए हैं। आचार्य निदेशक की नियुक्ति इस प्रयोजनार्थ विअआ के अध्यक्ष द्वारा गठित चयन समिति द्वारा संस्तुतित नामावली में से अध्यक्ष, विअआ द्वारा की जाएगी। इस चयन समिति का एक सदस्य संबंधित विश्वविद्यालय का कुलपति होगा। जहां कहीं नियमित निदेशकों की नियुक्ति की जाती है वे आचार्य– निदेशक, एचआरडीसी के रूप में कार्य करते रहेंगे। एचआरडीसी का निदेशक शैक्षणिक, प्रशासनिक और वित्तीय मामलों में एचआरडीसी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा। वह शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की भर्ती के लिए संवीक्षा तथा चयन समिति का सदस्य होगा।

   एचआरडीसी का निदेशक, शिक्षा, प्रशासनिक और वित्तीय मामलों में एचआरडीसी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी होगा। वह शिक्षणेत्तर कर्मचारिवृंद की भर्ती के लिए संवीक्षा और चयन समिति का सदस्य होगा।

2. **सहायक आचार्य – 1:** मानव संसाधन विकास केन्द्र में संकाय के स्तर पर किसी नई भर्ती के तहत विअआ विनियम, 2018 का अनुपालन करते हुए केवल एक सहायक आचार्य की भर्ती की जाएगी यदि सहायक आचार्य की भर्ती में विलम्ब होता है तो विश्वविद्यालय विअआ के मानदंडों का अनुपालन करते हुए संविदा पर संकाय की सेवाएं प्राप्त कर सकता है।

भविष्य में, मेजबान विश्वविद्यालय के निदेशक, एचआरडीसी जो कि चयन समिति का सदस्य होगा के अलावा ये पद सीधी भर्ती जैसा कि विअआ की नियमावली में सहायक आचार्यों के लिए विनिर्धारित है, से भरे जाने चाहिए।

सहायक आचार्य और सह आचार्य के स्तर पर विद्यमान संकाय पर विअआ विनियम, 2018 में संशोधित मानदंड, संलग्नक– प, तालिका–1 और 2 लागू होंगे।

यदि किसी एचआरडीसी में सह आचार्य पहले से ही नियुक्त हैं तो यह पद पदधारक की अधिवर्षिता की सह अवधि तक जारी रहेगा। यदि सहायक आचार्य अथवा– सह –आचार्य और सहायक आचार्य के दोनों पद रिक्त पड़े हों तो केवल सहायक आचार्य का पद सीधी भर्ती से भरा जाएगा। एचआरडीसी में महत्वपूर्ण कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा को एचआरडीसी तथा सहायक आचार्य (स्तर 1, स्तर 2 और सह आचार्य स्तर तक) स्तर सहित उनके मूल विभागों के प्रदत्त सेवा की गणना पदोन्नति के लिए की जाएगी। वर्तमान सह–आचार्य/ सहायक आचार्य जो कि विअआ विनियम, 2018 के मानदंड पूरा करते हों, को भी आचार्य के स्तर तक सीएएस दिया जाना चाहिए। ऐसे आचार्य एचआरडीसी के संकाय बने रहेंगे ओर उन्हें सीधी भर्ती/ खुली भर्ती के अंतर्गत निदेशक के पद हेतु आवेदन करने का पात्र माना जाए। उन्हें सीधी भर्ती के अंतर्गत निदेशक के पद के लिए आवेदन देना होगा तथा प्रतियोगिता करनी होगी।

जब कभी रिक्तियां होंगी, भर्ती समझौता ज्ञापन (संलग्नक 3) पर हस्ताक्षर करने के उपरांत निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार की जाएगी।

(ख) शिक्षणेतर कर्मचारी

शिक्षणेतर कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधित विश्वविद्यालय के मानदंडों के अनुसार संविदा के आधार पर रिक्त स्वीकृत पदों में की जा सकती है। दैनिक मजदूरी के आधार पर नियुक्त कर्मचारियों को नियमित नहीं किया जा सकता है। मानव संसाधन विकास केन्द्र के लिए निम्नवत शिक्षणेतर कर्मचारी विनिर्धारित हैं:

1. तकनीकी अधिकारी : 1
   (आईसीटी एप्लीकेशन्स, अनुरक्षण और प्रशिक्षण)

2. अनुभाग अधिकारी : 1

3. वरिष्ठ सहायक : 1

4. कनिष्ठ सहायक : 1

5. प्रलेखन सहायक (पेशेवर सहायक के स्तर पर) : 1

6. आशुलिपिक– टंकक/कम्पयूटर ऑपरेटर : 1

7. चपरासी/बहु–कार्य स्टॉफ (समूह–ग के स्तर पर) : 1

8. छात्रावास सहायक : 1 (ऐसे एएससी के मामले में जहां स्वतंत्र आवास/ छात्रावास सुविधाएं उपलब्ध हों)

5.2 शिक्षणेतर कर्मचारियों की नियुक्ति और शर्तें

शिक्षणेतर कर्मचारियों की नियुक्ति की योग्यताएं और प्रक्रिया तथा नियुक्ति की विधि वही होंगी जो कि विश्वविद्यालय में ऐसे पदों के लिए निर्धारित है।

5.3 एचआरडीसी के कृत्य

एचआडीसी के कृत्य देश में एक अथवा अधिक विश्वविद्यालयों के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत नवन्युक्त महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय व्याख्याता हेतु अधिष्ठापन/ अभिविन्यास कार्यक्रमों की आयोजना, आयोजन, कार्यान्वयन, निगरानी तथा मूल्यांकन करने होगें। एचआडीसी सेवारत अध्यापकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम तथा वरिष्ठ प्रशासकों, विभागाध्यक्षों, प्राचार्यों अधिकारियों आदि के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। वे अध्यापक अधिष्ठापन कार्यक्रम भी चलाएगें तथा छात्र अधिष्ठापन कार्यक्रम में सहायता करेंगे। एक एचआडीसी विशेषरूप सेः

(क) उपयुक्त दिशानिर्देशों के अनुसार अभिविन्यास कार्यक्रम को तैयार करेगा।

(ख) इन अभिविन्यास और पुनश्चर्या कार्यक्रमों को चलाने के लिए विशेषज्ञता के विभिन्न क्षेत्रों में संसाधकों की पहचान करेगा तथा उन्हें इन कार्यक्रमों के दर्शन तथा दिशानिर्देशों से अवगत करायेगा। विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञों की पहचान के लिए डॉटाबेस के सृजन की निर्धारित प्रक्रिया के आधार पर डॉटाबेस। अभिविन्यास/पुनश्चर्या पाठ्यक्रम हेतु डॉटाबेस में विशिष्ट शैक्षणिक ज्ञान पर आधारित विशेषज्ञों के नाम संकलित किए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एचआरडीसी की परामर्शदात्री समिति के सभापति द्वारा अनुमोदित सूची से अधिकतर संसाधकों के नाम शामिल करेगा।

(ग) पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक संदर्भ और स्रोत सामग्री हेतु प्रलेखन केन्द्र सह–ग्रंथालय स्थापित करेगा।

(घ) पाठ्यक्रमों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु अपेक्षित विशेषरूप से तैयार की गई सामग्री तैयार करेगा।

(ङ) अध्यापकों के लिए पाठ्यक्रमों को आयोजित करेगा तथा उनकी निगरानी और मूल्यांकन करेगा।

(च) अध्यापकों के बीच शिक्षा और स्व–सुधार की संस्कृति का इस प्रकार सृजन करेगा ताकि यह तृतीयक स्तर पर शिक्षा प्रणाली का अभिन्न अंग बन सके।

(छ) विभिन्न स्तरों पर प्रबंधक प्रणाली में उपयुक्त आशोधनों के माध्यम से उच्चतर शिक्षा में सुधार को सुकर बनाने के लिए अभिविन्यास दर्शन से अवगत कराने के लिए विभागाध्यक्षों प्राचार्यों, संकायध्यक्षों तथा अन्य निर्णयकर्ताओं के लिए अभिविन्यास पाठ्यक्रम आयोजित करेगा।

(ड) एचआरडीसी द्वारा चलाए जाने वाले पुनश्चर्या पाठ्यक्रमों में सेवारत शिक्षकों को अपने वरिष्ठों से अनुभव साझा करने तथा एक–दूसरे से परस्पर सीखने के लिए अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे।

(ञ) विभिन्न विषयों में नवीनतम घटनाओं से स्वयं को अध्यतन रखने के लिए सेवारत अध्यापकों का एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जो इनके लिए उत्तरदायी होगाः

- बौद्धिक जिज्ञासा का परिवेश
- गहन अनुसंधान तथा ज्ञान अंतरण संस्कृति
- जीवंत और सौहार्दपूर्ण सामाजिक संदर्भ
- अंतरराष्ट्रीय और सांस्कृतिक रूप से विविध शिक्षण परिवेश
- व्यक्तिगत विकास हेतु स्पष्ट सरोकार और अनुसमर्थन
- स्पष्ट शैक्षणिक आवश्यकता, प्रतिप्राप्ति और आकलन
- लाभप्रद गुणवत्तापूर्ण ज्ञानार्जन स्थल, संसाधन और प्रौद्योगिकियां
- एक अनुकूलित पाठ्यचर्या

(ट) एचआरडीसी शिक्षण संसाधनों सहित वीडियो व्याख्यान विकसित करेगा तथा विअआ द्वारा प्रदत्त साझा पोर्टल में उसे अपलोड करेगा।

(ठ) उनके ज्ञानार्जन को और व्यापक बनाने तथा उन्हें अनुसंधान अध्ययन करवाने के लिए अवसर प्रदान करेगा।

(ड) उच्चतर शिक्षा में नई विधियों तथा नवोन्मेषों को शामिल करेगा ताकि प्रतिभागी पुनः शिक्षा माध्यम में अपने नवानमेषों का विकास कर सके।

(ढ) पाठ्यक्रम समन्वयक से परामर्श करके निदेशक द्वारा प्रत्येक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में बल दिए जाने वाले क्षेत्रों के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

(ण) आईयूटीई के साथ शिक्षणविद्या तथा संकाय विकास के क्षेत्र में अनुसंधान का समन्वयन करेगा।

6. पाठ्यचर्या

विअआ द्वारा समय–समय पर यथानिर्धारित

पाठ्यक्रम की तैयारी

वास्तव में, पुनश्चर्या पाठ्यक्रम चलाने वाला और निदेशक तथा एचआरडीसी समन्वयक के परामर्श से पाठ्यचर्या पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए उत्तरदायी विभाग पीएमएमएमएनटीटी के तत्वाधान में सीईसी/ केन्द्रों बाहरी विशेषज्ञों और अन्य वैज्ञानिकों और शिक्षाविदों से चर्चा करके तथा उनसे परामर्श करने के पश्चात् उच्च गुणवत्ता वाले पाठ्यक्रमों के विषयों को तैयार करने में योगदान दे सकता है। ऐसे विशेषज्ञ अद्यतन ज्ञान और विषय के विकास में अंतनिर्हित सामग्री का योगदान देते हुए पूर्ण पाठ्यक्रम को तैयार करने के लिए सुझाव दे सकते हैं। इस पाठ्यक्रम को इस तरह से तैयार करना चाहिए जिससे कि उसकी विषय वस्तु में विषय की मूल सामग्री की अनिवार्य प्रतिशतता के साथ–साथ उसमें उदीयमान सामग्री तथा प्राथमिकतापूर्ण वाले आवश्यक प्रयोगशाला और अभ्यास संघटक तथा विषय के प्रासंगिक उन्नयन सहित कंप्यूटर अनुप्रयोगों कर अपेक्षित प्रतिशतता बनी रहे।

सूचना प्रौद्योगिकी में अभिविन्यास कार्यक्रम के पाठ्यक्रम की विषय सूची अलग से परिचालित की जाएगी।

अभिविन्यास पाठ्यक्रम के संघटक

उपर्युक्त शिक्षकों की प्राप्ति के लिए, अभिविन्यास, पाठ्यक्रम का पाठ्यचर्या चार सप्ताह के कार्यक्रम में 144 घंटे अर्थात् 6 घंटे प्रतिदिन और न्यूनतम समय सहित निम्नलिखित चार संघटक हो सकते हैं।

संघटक क : समाज, पर्यावरण, विकास और शिक्षा के बीच की कड़ी के बारे में जागरूकता

संघटक ख : शिक्षा का दर्शन, भारतीय शिक्षा प्रणाली और शिक्षाशास्त्र

संघटक ग : संसाधन संबंधी जागरूकता और ज्ञानोत्पति

संघटक घ : प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास

संघटक क : समाज, पर्यावरण, विकास और शिक्षा के बीच की कड़ी के बारे में जागरूकता

इस संघटक का लक्ष्य शिक्षक को शिक्षा का व्यापक संदर्भ तथा समाज में उसकी भूमिका महसूस कराने में सहायता करना होना चाहिएः इसमें शामिल कुछ उदाहरणात्मक विषय हैंः

(प) धर्मनिरपेक्षता
(पप) बहुलवादी समाज
(पपप) राष्ट्रीय एकता
(पअ) बहुभाषिता
(अ) सांस्कृतिक बाहुल्य
(अप) समानता
(अपप) महिला और बच्चों की स्थिति
(अपपप) जातिवाद
(पग) पर्यावरणीय प्रदूषण और जैव विविधता
(ग) गरीबी

(गप) बेरोजगारी
(गपप) शहरीकरण
(गपपप) आधुनिकीकरण
(गपअ) ग्रामीण विकास
(गअ) युवा
(गअप) अनुशासनहीनता

(गअपप) अध्यापक की भूमिका और दायित्व

(गअपपप) मूल्य आधारित शिक्षा
(गपग) भारतीय परम्परा
(गग) भारतीय अस्मिता का सृजन
(गगप) मानवाधिकार
(गगपप) सतत विकास
(गगपपप) वैश्विकरण और उच्चतर शिक्षा
